

नवीन हिन्दी परिचय



प्रकाशक

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

त्यागरायनगर, चेन्नै - 600 017.

स्वर

உயிரெழுத்துகள் VOWELS

अ आ इ ई

उ ऊ

ऋ ए ऐ

ओ औ अं अ:



M. Charan Kumar
V A 7



नवीन हिन्दी परिचय

प्रकाशक

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा

मद्रास

हिन्दी प्रचार पुस्तकमाला, पुष्प – 516

अगस्त, 2025

O.No. : 2129

मुद्रक

हिन्दी प्रचार प्रेस,

त्यागरायनगर, मद्रास-17.

புத்தகத்தைப் பற்றி.....

நாம் நமது தாய்மொழியை முதலில் செவிகளால் கேட்கிறோம். கேட்பதைப் பேசுகிறோம். இதன் பிறகு எழுத்துகளைப் பார்த்து எழுதிப் படிக்கிறோம் அல்லது படித்து எழுதுகிறோம். எந்தவொரு மொழியையும் சரிவர கற்கும் முறையும் இதுவேயாகும்.

இதற்கு நேரிடையாக முதலில் எழுதக் கற்றுக்கொடுப்பதிலிருந்து தொடங்கும் போது நமது நோக்கம் முழுமையாக நிறைவேறாமல் போவதை நாம் கண்கூடாக காண்கிறோம்.

இக்குறையை நீக்கும் வகையில் இப்புத்தகம் **नवीन हिन्दी परिचय** உருவாக்கப்பட்டுள்ளது. பல வகையான படங்கள் மூலமாக அவைகளின் பெயர், நிலை மற்றும் செயல்களை கற்றுக் கொடுக்கும் நோக்கில் அனைத்துப் பாடங்களும் உருவாக்கப்பட்டுள்ளன. முதல் எட்டு பாடங்கள் பெரும்பாலும் படங்களைக் காட்டி வாய்மொழியாக சொல்லிக் கொடுப்பதற்கும், பிறகு மாணவர்களை பதில் கூறும் வகையில் பேச வைப்பதற்குமே உருவாக்கப்பட்டுள்ளன.

இப்பாடங்களிலேயே முதலில் எழுத்துகளை எழுதவும், பிறகு எழுத்துகளை சேர்த்து சிறு சிறு சொற்களை எழுதவும் பயிற்சிகள் தரப்பட்டுள்ளன. எழுதவும் உச்சரிக்கவும் எளிதான எழுத்துகளில் தொடங்கி படிப்படியாக அனைத்து எழுத்துகளும் தரப்பட்டுள்ளன.

ஒவ்வொரு பாடத்திலும் அப்பாடத்தின் நோக்கமும், ஆசிரியருக்கு சில குறிப்புகளும் தரப்பட்டுள்ளன. இவற்றை ஒவ்வொரு ஆசிரியரும் அறிந்துகொண்டு கடைபிடிக்க வேண்டுமென்றும் அனைத்து பயிற்சிகளையும் மாணவர்கள் மூலமாக செய்விக்க வேண்டுமென்றும் கேட்டுக் கொள்கிறோம். இவ்வாறு செய்வதால் அனைத்து பாடங்களும் முடியும் போது மாணவர்கள் சிறந்த முறையில் கற்றிருப்பது புலப்படும்.

परिचय தேர்வு எழுதுபவர்களுக்கு உதவியாக **प्रश्नोत्तर भंडार** தரப்பட்டுள்ளது. **மாதிரி வினாத்தாளும் தேர்வு விண்ணப்ப படிவமும்** புத்தகத்தில் இணைக்கப்பட்டுள்ளன.

— வெளியீட்டாளர்

अपनी ओर से....

हम अपनी मातृभाषा को पहले कानों से सुनते हैं। उसके बाद सुनी हुई आवाज़ को ध्वनि-रूप देते हैं, याने बोलते हैं। इसके बाद अक्षरों को लिखकर पढ़ते हैं व पढ़कर लिखते हैं। किसी भी भाषा को सही ढंग से सीखने का तरीका यही है।

इसके विपरीत पहले लेखन से सिखाना शुरू करेंगे तो हम अपने उद्देश्य को पूरी तरह से संपूर्ण करने में असमर्थ हो जाएँगे।

इस कमी को दूर करने के उद्देश्य से यह **'नवीन हिन्दी परिचय'** किताब तैयार की गयी है। अनेक प्रकार के चित्रों द्वारा उनके नाम, दशा एवं कार्यों को सिखाने के उद्देश्य से सभी पाठ तैयार किए गए हैं। प्रथम आठ पाठ चित्रों को दिखाकर मौखिक रूप में सिखाने, फिर छात्रों को उत्तर देने के बहाने बोलना सिखाने के लिए तैयार किए गए हैं।

इन पाठों में पहले अक्षर लिखने, फिर अक्षरों को मिलाकर छोटे-छोटे शब्दों को लिखने के भी अभ्यास दिए गए हैं। लिखने और उच्चारण करने के लिए सरल अक्षरों से शुरू करके धीरे-धीरे सारे अक्षर सिखाए गए हैं।

हर पाठ में, उस पाठ का उद्देश्य एवं शिक्षक को कुछ सूचनाएँ भी दी गई हैं। शिक्षकों से हमारा अनुरोध है कि हर शिक्षक पहले इन्हें समझें और पालन करें, साथ-साथ सारे अभ्यासों को छात्रों द्वारा ही करवाएँ। ऐसा करने से अंत में पता चलेगा कि छात्रों ने अच्छे ढंग से सीखा है।

"परिचय" परीक्षा देनेवालों की सहायता के लिए **"प्रश्नोत्तर भंडार"** भी दिया गया है। नमूना **प्रश्न-पत्र** एवं **परीक्षा आवेदन-पत्र** भी किताब में जोड़े गए हैं।

— प्रकाशक

पाठ–1

हाथी



हाथी बड़ा जानवर है।

कुत्ता




कुत्ता पालतू जानवर है।

गाय



गाय दूध देती है।

घोड़ा



घोड़ा तेज़ दौड़ता है।

मोर



मोर नाचता है।

कौआ




कौआ काला है।

कोयल



कोयल मीठा गाती है।

मुरगी



मुरगी अंडा देती है।



पाठ-उद्देश्य :- चित्रों के सहारे कुछ परिचित जानवरों और पक्षियों के नाम सिखाना और उनके बारे में एक छोटा-सा वाक्य बोलना सिखाना।



शिक्षक-संकेत :- हर चित्र को दिखाकर उसका नाम स्पष्ट उच्चारण के साथ सिखाएँगे और संबंधित वाक्य भी पढ़कर सुनाएँगे। जहाँ तक हो सके, अनुवाद से बचेंगे और हाव-भाव द्वारा वाक्य का अर्थ समझाएँगे।



1. यह क्या है?
2. कैसा जानवर है?
3. क्या देती है?
4. कैसे दौड़ता है?
5. क्या करता है?
6. कैसा है?
7. कैसे गाती है?

ऐसे प्रश्नों द्वारा उत्तर पाएँगे और इस तरह बोलने का अभ्यास कराएँगे।




शब्दार्थ :-

जानवर	—	விலங்கு, animal
पालतू	—	வீட்டு வளர்ப்பு, domestic
दूध	—	பால், milk
तेज़	—	வேகம், fast
नाचना	—	நடனமாட, to dance
काला	—	கருப்பு, black
मीठा	—	இனிப்பான, sweet
मुरगी	—	கோழி, hen
अंडा	—	முட்டை, egg



वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-

मोर	—	மயில், peacock	मोर एक पक्षी है।
मीठा	—	இனிப்பான, sweet	दूध मीठा है।
अंडा	—	முட்டை, egg	मुरगी अंडा देती है।
दूध	—	பால், milk	गाय दूध देती है।
तेज़	—	வேகமாக, fast	घोड़ा तेज़ दौड़ता है।



पाठ–2

लड़का



लड़का गेंद खेलता है।

लड़की



लड़की पाठ पढ़ती है।

आदमी




आदमी रोटी खाता है।

औरत




औरत पानी पीती है।

बच्चा



बच्चा रोता है।

बिल्ली




बिल्ली तेज़ दौड़ती है।

रेलगाड़ी



रेलगाड़ी यहाँ आती है।

पानी




पानी धीरे-धीरे बहता है।

सूरज



सूरज सबेरे निकलता है।

पत्ता



पत्ता ज़मीन पर गिरता है।



पाठ-उद्देश्य :- *चित्रों के सहारे कुछ परिचित व्यक्तियों और चीज़ों के नाम सिखाना और यह भी सिखाना कि चित्र में वह व्यक्ति क्या करता है या वह चीज़ क्या करती है।*



शिक्षक-संकेत :- *हर चित्र को दिखाकर उसका नाम स्पष्ट उच्चारण के साथ सिखाएँगे और संबंधित वाक्य भी पढ़कर सुनाएँगे। जहाँ तक हो सके, अनुवाद से बचेंगे और हाव-भाव द्वारा वाक्य का अर्थ समझाएँगे।*



1. यह कौन है?
2. यह क्या है?
3. लड़का क्या खेलता है?
4. लड़की क्या पढ़ती है?
5. आदमी क्या खाता है?
6. औरत क्या पीती है?
7. बच्चा क्या करता है?
8. बिल्ली कैसे दौड़ती है?
9. रेल गाड़ी कहाँ आती है?
10. पानी कैसे बहता है?
11. सूरज कब निकलता है?
12. पत्ता कहाँ गिरता है?

आदि प्रश्न चित्रों को दिखाकर करेंगे और उत्तर पाएँगे। इस तरह बोलने की शक्ति बढ़ाएँगे।



शब्दार्थ :-

गेंद	–	பந்து, ball	रेलगाड़ी	–	தொடர்வண்டி, train
पाठ	–	பாடம், lesson	धीरे-धीरे	–	மெதுவாக, slowly
रोटी	–	ரொட்டி, bread	सबेरे	–	காலையில், morning
पानी	–	நீர், water	ज़मीन	–	தரை, floor
बच्चा	–	குழந்தை, child	सूरज	–	சூரியன், sun



वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-

सूरज	–	சூரியன், sun	सूरज पूरब में निकलता है।
पानी	–	நீர், water	यह गरम पानी है।
औरत	–	பெண்மணி, woman	औरत काम कर रही है।
घर	–	வீடு, house	यह घर बहुत छोटा है।
ज़मीन	–	தரை, floor	मेज़ ज़मीन पर है।



अक्षराभ्यास





इस पाठ से अक्षराभ्यास शुरू होता है। लिखना और उच्चारण करना दो सरल अक्षरों से शुरू होता है। शिक्षक केवल उच्चारण द्वारा समझाएँगे। तमिल या अंग्रेज़ी अक्षर द्वारा नहीं समझाएँगे। अलग-अलग अक्षर और शब्दों को पहले पढ़ने और उसके बाद लिखने का अभ्यास कराएँगे। यह ज़रूरत नहीं कि शब्दों का अर्थ बताया जाए।



पढ़ो और लिखो :-

त त त त त त त त

ता ता ता ता ता ता ता ता

ल ल ल ल ल ल ल ल

ला ला ला ला ला ला ला ला



पढ़ो और लिखो :-


तला ताला लता लाता तता ताता लला लाला

तल ताल लत लात तत तात लल लाल





पाठ–3





मेज़ पर किताब

यह किताब है।
किताब कहाँ है?
किताब मेज़ पर है।
मेज़ पर क्या है?
मेज़ पर किताब है।

हाथ में कलम

यह कलम है।
कलम कहाँ है?
कलम हाथ में है।
हाथ में क्या है?
हाथ में कलम है।






स्कूल में लड़की

यह लड़की है।
इसका नाम उमा है।
उमा स्कूल में पढ़ती है।

मैदान में लड़का


यह लड़का है।
इसका नाम राजेश है।
राजेश मैदान में खेलता है।



किताब और कलम

ये किताब और कलम हैं।
किताब और कलम कहाँ हैं?
किताब और कलम मेज़ पर हैं।
मेज़ पर क्या-क्या हैं?
मेज़ पर किताब और कलम हैं।



उमा और राजेश

ये उमा और राजेश हैं।
उमा और राजेश कहाँ हैं?
उमा और राजेश घर में हैं।
घर में कौन-कौन हैं?
घर में उमा और राजेश हैं।



पाठ-उद्देश्य :- कुछ चीज़ों के नाम और चित्र में उनकी स्थिति (-में, -पर) सिखाना।



शिक्षक-संकेत :- चित्र दिखाकर मेज़, किताब आदि चीज़ों के नाम पढ़कर सुनाएँगे और उनकी स्थिति भी सिखाएँगे। दिए गए सरल वाक्यों का सहारा लेंगे।



1. यह क्या है?
2. किताब कहाँ है?
3. मेज़ पर क्या है?

ऐसे ही कई प्रश्न करके उत्तर पाएँगे और इस तरह बोलने का अभ्यास कराएँगे।



शब्दार्थ :-

किताब	–	புத்தகம், book	मैदान	–	மைதானம், ground
मेज़	–	மேசை, table	और	–	மேலும், and
कलम	–	பேனா, pen	कौन	–	யார், who
हाथ	–	கை, hand	क्या	–	என்ன, what
स्कूल	–	பள்ளிக்கூடம், school			



वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-

किताब	–	புத்தகம், book	मुझे किताब चाहिए।
हाथ	–	கை, hand	हाथ में क्या है?
स्कूल	–	பள்ளிக்கூடம், school	स्कूल में बच्चे पढ़ते हैं।
मैदान	–	மைதானம், ground	मैदान में लड़कियाँ खेलती हैं।



अक्षराभ्यास





अक्षराभ्यास में दिए गए अक्षर और शब्दों को पहले पढ़ने और उसके बाद लिखने का अभ्यास कराएँगे।



पढ़ो और लिखो :-

न	न	न	न	न	न	न	न
नि	नि	नि	नि	नि	नि	नि	नि
नी	नी	नी	नी	नी	नी	नी	नी
म	म	म	म	म	म	म	म
मि	मि	मि	मि	मि	मि	मि	मि
मी	मी	मी	मी	मी	मी	मी	मी

प प प प प प प प

पि पि पि पि पि पि पि पि

पी पी पी पी पी पी पी पी




पढ़ो और लिखो :-

नल नाला नाता नाम निला नीला नाना नानी नीम नामी

मत माता मात माला मन मान मामा मामी

मिल मिला मिली मीना मीत

पल पाल पाला पात पिता पीला पीतल



पाठ—4




मुरली किताब दे रहा है।
मुरली विमला को किताब दे रहा है।
विमला किताब ले रही है।
विमला मुरली से किताब ले रही है।



यह गणेश है।
गणेश बिल्ली को देख रहा है।
बिल्ली गणेश को देख रही है।



यह राजेश है।
राजेश स्कूल जा रहा है।
वह घर से स्कूल जा रहा है।




यह उमा है।
उमा लिख रही है।
वह पाठ लिख रही है।
वह कलम से लिख रही है।



पिताजी बोल रहे हैं।
पिताजी माताजी से बोल रहे हैं।
माताजी पिताजी से बोल रही हैं।

कुमार बड़ा लड़का है।
वह दिनेश से बड़ा लड़का है।
दिनेश छोटा लड़का है।
वह कुमार से छोटा लड़का है।





पाठ-उद्देश्य :- कुछ चीज़ों के नाम और चित्र में उनकी स्थिति (–को, –से) का प्रयोग सिखाना।



शिक्षक-संकेत :- दिए गए वाक्य पढ़कर सुनाएँगे और चित्र दिखाकर उनका अर्थ समझाएँगे। दिए गए सरल वाक्यों का सहारा लेंगे



1. मुरली विमला को क्या दे रहा है?
2. मुरली किसको किताब दे रहा है?
3. विमला मुरली से क्या ले रही है?
4. विमला किससे किताब ले रही है?

ऐसे ही कई प्रश्न करके उत्तर पाएँगे और इस तरह बोलने का अभ्यास कराएँगे।



शब्दार्थ :-

देना	–	கொடுத்தல், to give	लिखना	–	எழுதுதல், to write
लेना	–	வாங்குதல், to take	बोलना	–	பேசுதல், to talk
देखना	–	பார்த்தல், to see	छोटा	–	சிறிய, small
जाना	–	போகுதல்/செல்லுதல், to go	बड़ा	–	பெரிய, big



वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-

देना	—	கொடுத்தல், to give	राधा किताब देती है।
बोलना	—	பேசுதல், to talk	श्याम सच बोलता है।
देखना	—	பார்த்தல், to see	हम आँखों से देखते हैं।
छोटा	—	சிறிய, small	यह छोटा घर है।
बड़ा	—	பெரிய, big	हाथी बड़ा जानवर है।



अक्षराभ्यास





अक्षराभ्यास में दिए गए अक्षर और शब्दों को पहले पढ़ने और उसके बाद लिखने का अभ्यास कराएँगे।



पढ़ो और लिखो :-

च	च	च	च	च	च	च	च
चु	चु	चु	चु	चु	चु	चु	चु
चू	चू	चू	चू	चू	चू	चू	चू
ज	ज	ज	ज	ज	ज	ज	ज
जु	जु	जु	जु	जु	जु	जु	जु
जू	जू	जू	जू	जू	जू	जू	जू

य	य	य	य	य	य	य	य
यु	यु	यु	यु	यु	यु	यु	यु
यू	यू	यू	यू	यू	यू	यू	यू
अ	अ	अ	अ	अ	अ	अ	अ
आ	आ	आ	आ	आ	आ	आ	आ



पढ़ो और लिखो :-

चल चाल चला चली चील चुन चूम

जल जलन जाल जालिम जिया जीत जुआ जून


यम यार याद यातना जय तय पय माया

अचल आम आज आन आला आयी आप आयु

नाथ ताज पिया तुम पुल मूल पूजा

मुलायम पायल





पाठ–5






यह राम है।
राम छोटा लड़का है।
वह स्कूल में पढ़ता है।

यह गीता है।
गीता छोटी लड़की है।
वह भी स्कूल में पढ़ती है।










यह नरेन है।
नरेन बड़ा लड़का है।
वह कालेज में पढ़ता है।

यह ललिता है।
ललिता बड़ी लड़की है।
ललिता भी कालेज में पढ़ती है।







यह कुत्ता है।
यह अच्छा कुत्ता है।
कुत्ता पालतू जानवर है।


यह गाय है।
यह अच्छी गाय है।
गाय भी पालतू जानवर है।
गाय दूध देती है।





यह पेड़ है।
यह नारियल का पेड़ है।
नारियल का पेड़ ऊँचा है।
यह आम का पेड़ नहीं है।

यह किताब है।
यह मोटी किताब है।
यह दिनेश की किताब है।
यह रमेश की किताब नहीं है।





पाठ-उद्देश्य :- कुछ विशेषण शब्द और उनका प्रयोग सिखाना।



शिक्षक-संकेत :- दिए गए वाक्य पढ़कर सुनाएँगे और चित्र दिखाकर उनका अर्थ समझाएँगे। दिए गए सरल वाक्यों का सहारा लेंगे।



1. यह कौन है?
2. राम कैसा लड़का है?
3. राम कहाँ पढ़ता है?

ऐसे ही कई प्रश्न करके उत्तर पाएँगे और इस तरह बोलने का अभ्यास कराएँगे।



शब्दार्थ :-

कालेज — கல்லூரி, college

कुत्ता — நாய், dog

गाय — பசு, cow

जानवर — விலங்கு, animal

नारियल — தேங்காய், coconut

पेड़ — மரம், tree



वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-

अच्छा	— நல்ல, good	मुरली अच्छा लड़का है।
पालतू	— வீட்டு வளர்ப்பு, domestic	बिल्ली पालतू जानवर है।
पेड़	— மரம், tree	यह आम का पेड़ है।
नारियल का पेड़	— தென்னை மரம், coconut tree	नारियल का पेड़ ऊँचा है।



अक्षराभ्यास





अक्षराभ्यास में दिए गए अक्षर और शब्दों को पहले पढ़ने और उसके बाद लिखने का अभ्यास कराएँगे।



पढ़ो और लिखो :-

ट	ट	ट	ट	ट	ट	ट	ट
टे	टे	टे	टे	टे	टे	टे	टे
टै	टै	टै	टै	टै	टै	टै	टै
र	र	र	र	र	र	र	र
रे	रे	रे	रे	रे	रे	रे	रे
रै	रै	रै	रै	रै	रै	रै	रै
व	व	व	व	व	व	व	व
वे	वे	वे	वे	वे	वे	वे	वे
वै	वै	वै	वै	वै	वै	वै	वै

ब	ब	ब	ब	ब	ब	ब	ब
बे	बे	बे	बे	बे	बे	बे	बे
बै	बै	बै	बै	बै	बै	बै	बै
क	क	क	क	क	क	क	क
के	के	के	के	के	के	के	के
कै	कै	कै	कै	कै	कै	कै	कै
उ	उ	उ	उ	उ	उ	उ	उ
ऊ	ऊ	ऊ	ऊ	ऊ	ऊ	ऊ	ऊ




पढ़ो और लिखो :-

टमाटर	टापू	टिकट	टीका	टुक	टूट	टेक
रजनी	रात	रिवाज	रीति	रुपया	रूप	रेल
वन	वानर	विचार	वीर	वेतन	वैर	वह
बकरा	बापू	बिजली	बीज	बुआ	बूटी	बेटा
कमर	कान	किताब	कीमत	कुटिया	केला	कई
उचित	उपचार	उमर	उमा	ऊन	ऊपरी	ऊबना



पाठ—6



यह लड़का है।
इसका नाम सुरेश है।
सुरेश अच्छा लड़का है।
यह पाँचवीं कक्षा में पढ़ता है।
सुरेश शीला का भाई है।
यह शीला का छोटा भाई है।

यह लड़की है।
इसका नाम शीला है।
शीला अच्छी लड़की है।
यह सातवीं कक्षा में पढ़ती है।
शीला सुरेश की बहन है।
यह सुरेश की बड़ी बहन है।





ये मोहन हैं।
मोहन सुरेश के पिता हैं।
ये शीला के भी पिता हैं।
मोहन सुरेश और शीला के पिता हैं।
मोहन बैंक में काम करते हैं।

ये सुधा हैं।
सुधा मोहन की पत्नी हैं।
सुधा सुरेश और शीला की माता हैं।
सुधा एक डॉक्टर हैं।






यह घर है।
यह मोहन का घर है।
यह सुधा का भी घर है।
यह शीला का भी घर है।
यह सुरेश का भी घर है।

यह किताब है।
यह अच्छी किताब है।
यह हिंदी किताब है।
यह सुरेश की किताब है।
सुरेश हिंदी जानता है।









यह स्कूल है।
यह बड़ा स्कूल है।
यह शीला का स्कूल है।
शीला का स्कूल बड़ा है।
यह सुरेश का भी स्कूल है।



पाठ-उद्देश्य :- सरल वाक्यों में '–का, –के, –की' का प्रयोग सिखाना।



शिक्षक-संकेत :- दिए गए वाक्य पढ़कर सुनाएँगे और चित्र दिखाकर उनका अर्थ समझाएँगे। दिए गए सरल वाक्यों का सहारा लेंगे



1. यह कौन है?
2. इसका नाम क्या है?
3. सुरेश कैसा लड़का है?
4. सुरेश कौन-सी कक्षा में पढ़ता है?
5. सुरेश किसका छोटा भाई है?

ऐसे ही कई प्रश्न करके उत्तर पाएँगे और इस तरह बोलने का अभ्यास कराएँगे।



शब्दार्थ :-

पाँचवीं	–	ஐந்தாவது, fifth
कक्षा	–	வகுப்பு, class
नाम	–	பெயர், name
बहन	–	சகோதரி, sister
भाई	–	சகோதரன், brother
माता	–	தாய், mother
पिता	–	தந்தை, father
बैंक	–	வங்கி, bank



वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-

बहन	–	சகோதரி, sister	ललिता मेरी छोटी बहन है।
बैंक	–	வங்கி,' bank	मैं बैंक में काम करती हूँ।
नाम	–	பெயர், name	मेरा नाम राम है।



अक्षराभ्यास





अक्षराभ्यास में दिए गए अक्षर और शब्दों को पहले पढ़ने और उसके बाद लिखने का अभ्यास कराएँगे।



पढ़ो और लिखो :-

श श श श श श श श

शो शो शो शो शो शो शो शो

शौ शौ शौ शौ शौ शौ शौ शौ

स स स स स स स स

सो सो सो सो सो सो सो सो

सौ सौ सौ सौ सौ सौ सौ सौ

ह	ह	ह	ह	ह	ह	ह	ह
हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो
हौ	हौ	हौ	हौ	हौ	हौ	हौ	हौ
ड	ड	ड	ड	ड	ड	ड	ड
डो	डो	डो	डो	डो	डो	डो	डो
डौ	डौ	डौ	डौ	डौ	डौ	डौ	डौ
द	द	द	द	द	द	द	द
दो	दो	दो	दो	दो	दो	दो	दो
दौ	दौ	दौ	दौ	दौ	दौ	दौ	दौ
इ	इ	इ	इ	इ	इ	इ	इ
ई	ई	ई	ई	ई	ई	ई	ई



पढ़ो और लिखो :-

शरीर	शासन	शिकार	शीतल	शुकदेव	शूल	शेर	शैशव
शोक	शोर	शौक	सरकार	सालाना	सियार	सीप	सुनार
सूरज	सृजन	सेवक	सैनिक	सोचना	सौदा	हनुमान	हाजिर
हिमालय	हीरा	हुकुम	डर	डलिया	डाक	डील	डुबाना
डूबना	डेरा	डिबिया	दरबार	दावत	दिन	दीमक	दुबला
दूर	देवता	दैनिक	दोहा				

पाठ—7



तुम कौन हो?

तुम्हारा नाम क्या है?

तुम्हारा घर कहाँ है?

तुम्हारे पिताजी का नाम क्या है?

वे कहाँ काम करते हैं?

तुम्हारी माताजी का नाम क्या है?

तुम्हारी छोटी बहन का नाम क्या है?

तुम्हारा स्कूल कहाँ है?

तुम कितने साल के हो?

तुम कौन-सी कक्षा में पढ़ते हो?

तुम स्कूल कैसे जाते हो?

तुम सबेरे कितने बजे निकलते हो?

तुम कितने बजे स्कूल पहुँचते हो?

तुम कितने बजे घर लौटते हो?

तुम कितने बजे से कितने बजे तक खेलते ह

तुम कितने बजे से कितने बजे तक पढ़ते हो

तुम रोज़ कितनी देर टी.वी. देखते हो?

मैं लड़का हूँ।

मेरा नाम अशोक है।

मेरा घर गांधी नगर में है।

मेरे पिताजी का नाम विश्वनाथन है।

वे दफ़्तर में काम करते हैं।

मेरी माताजी का नाम कल्याणी है।

मेरी छोटी बहन का नाम माला है।

मेरा स्कूल अण्णा नगर में है।

मैं ग्यारह साल का हूँ।

मैं छठी कक्षा में पढ़ता हूँ।

मैं स्कूल साइकिल से जाता हूँ।

मैं सबेरे आठ बजे निकलता हूँ।

मैं साढ़े आठ बजे स्कूल पहुँचता हूँ।

मैं पाँच बजे घर लौटता हूँ।

मैं साढ़े पाँच बजे से साढ़े छः बजे तक खेलता हूँ।

मैं सात बजे से आठ बजे तक पढ़ता हूँ।

मैं रोज़ थोड़ी देर टी.वी. देखता हूँ।





पाठ-उद्देश्य :- 'तुम' और 'मैं' पुल्लिंग सर्वनामों के कुछ प्रयोग सिखाना।



शिक्षक-संकेत :- दिए गए वाक्य पढ़कर सुनाएँगे और उनका अर्थ समझाएँगे। दिए गए सरल वाक्यों का सहारा लेंगे।



1. तुम कौन हो?
   इसका उत्तर 'मैं लड़का हूँ' अगले पृष्ठ में है।
   ऐसा हर प्रश्न और उसका उत्तर पढ़कर सुनाएँगे।

छात्रों की ऐसी जोड़ी तैयार करेंगे कि एक प्रश्न करेगा और दूसरा उसका उत्तर देगा। शिक्षक भी खुद प्रश्न करके उत्तर पाएँगे।

हर छात्र को अपना छोटा-सा परिचय देने का अभ्यास कराएँगे।



शब्दार्थ :-

कौन-सी	–	எந்த, which	दफ़्तर	–	அலுவலகம், office
पहुँचना	–	சென்று அடைதல், to reach	साइकिल	–	மிதிவண்டி, cycle
लौटना	–	திரும்பி வருதல், to return	कहाँ	–	எங்கே, where



वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-

पहुँचना	–	சென்று அடைதல், to reach	यह रेलगाड़ी कब मदुरै पहुँचेगी?
लौटना	–	திரும்பி வருதல், to return	माताजी चेन्नई से कब लौटीं?
दफ़्तर	–	அலுவலகம், office	मेरी दीदी दफ़्तर में काम करती है।



अक्षराभ्यास





अक्षराभ्यास में दिए गए अक्षर और शब्दों को पहले पढ़ने और उसके बाद लिखने का अभ्यास कराएँगे।



पढ़ो और लिखो :-

ग ग ग ग ग ग ग ग

ण ण ण ण ण ण ण ण

फ फ फ फ फ फ फ फ

ष ष ष ष ष ष ष ष

ए ए ए ए ए ए ए ए

ऐ ऐ ऐ ऐ ऐ ऐ ऐ ऐ

ओ ओ ओ ओ ओ ओ ओ ओ

औ औ औ औ औ औ औ औ



पढ़ो और लिखो :-

गगन	गाजर	गिनती	गीत	गुलाब	गुण	गूलर	गृह
गेंद	गैर	गोदाम	गौरव	फकीर	फाटक	फीका	फुलवारी
फूल	फेरीवाला	फ़ैसला	फोड़ा	फ़ौज	शेष	विशेष	एक
एकता	एड़ी	ऐनक	ओर	ओस	और	औरत	औसान





पाठ–8



तुम कौन हो?

तुम्हारा नाम क्या है?

तुम्हारा घर कहाँ है?

तुम्हारे पिताजी का नाम क्या है?

वे कहाँ काम करते हैं?

तुम्हारी माताजी का नाम क्या है?

वे कहाँ काम करती हैं?

तुम्हारे छोटे भाई का नाम क्या है?

तुम कितने साल की हो?

तुम कहाँ पढ़ती हो?

तुम कौन-सी कक्षा में पढ़ती हो?

तुम रोज़ कितने बजे उठती हो?

तुम कितने बजे स्नान करती हो?

तुम कितने बजे नाश्ता करती हो?

तुम कितने बजे स्कूल जाती हो?

तुम कब हिंदी सीखती हो?

क्या तुमको हिंदी पसंद है?

हिंदी किसकी राष्ट्रभाषा है?

तुम रात को कितने बजे सोती हो?

मैं लड़की हूँ।
मेरा नाम विमला है।
मेरा घर सुभाष नगर में है।
मेरे पिताजी का नाम सुंदरेशन है।
वे बंदरगाह में काम करते हैं।
मेरी माताजी का नाम सुमति है।
वे दफ़्तर में काम करती हैं।
मेरे छोटे भाई का नाम विजय है।
मैं पंद्रह साल की हूँ।
मैं स्कूल में पढ़ती हूँ।
मैं दसवीं कक्षा में पढ़ती हूँ।
मैं रोज़ छः बजे उठती हूँ।
मैं साढ़े छः बजे स्नान करती हूँ।
मैं आठ बजे नाश्ता करती हूँ।
मैं साढ़े आठ बजे स्कूल जाती हूँ।
मैं शाम को हिंदी सीखती हूँ।
हाँ, मुझे हिंदी पसंद है।
हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है।
मैं रात को नौ बजे सोती हूँ।





पाठ-उद्देश्य :- 'तुम' और 'मैं' स्त्रीलिंग सर्वनामों के कुछ प्रयोग सिखाना।



शिक्षक-संकेत :- दिए गए वाक्य पढ़कर सुनाएँगे और उनका अर्थ समझाएँगे। दिए गए सरल वाक्यों का सहारा लेंगे।



1. तुम कौन हो?
इसका उत्तर 'मैं लड़की हूँ' अगले पृष्ठ में है।
ऐसा हर प्रश्न और उसका उत्तर पढ़कर सुनाएँगे।

छात्रों की ऐसी जोड़ी तैयार करेंगे कि एक छात्रा प्रश्न करेगी और दूसरी छात्रा उसका उत्तर देगी। शिक्षक भी खुद प्रश्न कर उत्तर पाएँगे।

हर छात्रा को अपना छोटा-सा परिचय देने का अभ्यास कराएँगे।



शब्दार्थ :-

बंदरगाह – துறைமுகம், Harbour
स्नान करना – குளித்தல், to bathe
राष्ट्रभाषा – தேசிய மொழி, National Language
पसंद – விருப்பம், liking
साल – வருடம், year



वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-

राष्ट्रभाषा – தேசிய மொழி, National Language हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है।
साल – வருடம், year मैं पाँच साल की लड़की हूँ।
पसंद – விருப்பம், liking मुझे आम पसंद है।



अक्षराभ्यास





अक्षराभ्यास में दिए गए अक्षर और शब्दों को पहले पढ़ने और उसके बाद लिखने का अभ्यास कराएँगे।



पढ़ो और लिखो :-


ख ख ख ख ख ख ख ख
छ छ छ छ छ छ छ छ

झ	झ	झ	झ	झ	झ	झ	झ
ठ	ठ	ठ	ठ	ठ	ठ	ठ	ठ
ढ	ढ	ढ	ढ	ढ	ढ	ढ	ढ
थ	थ	थ	थ	थ	थ	थ	थ
ध	ध	ध	ध	ध	ध	ध	ध
भ	भ	भ	भ	भ	भ	भ	भ



पढ़ो और लिखो :-

खबर	खाद	खिलाड़ी	खीर	खुदाई	खून	खेल	खैर
खोज	खौलना	छतरी	छाती	छिपकली	छीना	छुरी	छूना
छेद	छैला	छोटी	छौना	झटका	झाड़ी	झील	झुकना
झूठ	झेलना	ठठेरा	ठिकाना	ठीका	ठुमकना	ठूसना	ठेकेदार
ढकना	ढिलाई	ढेर	ढोलक	थल	थानेदार	थैला	धन
धारा	धीर	धुन	धूप	धेनु	धोबी	भगवान	भाई
भिखारी	भीड	भुलाना	भूख	भेजना	भैरव	भोजन	भौतिक



पाठ–9

स्वर

अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ऋ
ए	ऐ	ओ	औ	अं	अः	

व्यंजन

क	ख	ग	घ	ङ		
च	छ	ज	झ	ञ	ज़	
ट	ठ	ड	ढ	ण	ड़	ढ़
त	थ	द	ध	न		
प	फ	ब	भ	म	फ़	
य	र	ल	व			
श	ष	स	ह			

बारहखड़ी

◌ ◌ा ◌ि ◌ी ◌ु ◌ू ◌ृ ◌े ◌ै ◌ो ◌ौ ◌ं ◌ः

क का कि की कु कू कृ के कै को कौ कं कः

कुछ संयुक्ताक्षर



पढ़ो और लिखो :-

क्ष	–	क्षमा, क्षीर क्षेम	श्ल	–	श्लोक
त्र	–	त्राण, त्रिभाषा, रात्रि	ट्ट	–	छुट्टी
ज्ञ	–	ज्ञान, ज्ञाता, ज्ञापन	ट्ठ	–	चिट्ठी
श्र	–	श्रवण, श्रीमती, श्रेय	ठ्य	–	पाठ्य
क्क	–	पक्का, चक्की	ड्ड	–	अड्डा
क्त	–	मुक्त, शक्ति, भक्ति	द्य	–	विद्या
क्ल	–	अक्ल, शक्ल	द्व	–	द्वार
त्त	–	चित्त, कुत्ता, पत्ता	द्ध	–	विरुद्ध
न्न	–	पन्ना, गन्ना, अन्न	ह्य	–	बाह्य
फ़्त	–	दफ़्तर, हफ़्ता, रफ़्तार	ह्व	–	विह्वल
म्न	–	निम्न	ह्न	–	चिह्न
श्व	–	श्वास, अश्व, विश्वास	ह्ल	–	आह्लाद

'र' वाले संयुक्ताक्षर



पढ़ो और लिखो :-

क्रम ग्राम वज्र कद्र प्राण कब्र भ्रम स्रोत ह्रास

'र्' वाले संयुक्ताक्षर



पढ़ो और लिखो :-

मार्ग चर्चा मूर्छा निर्झर वर्ण पर्दा निर्धन आर्य निर्वेद परामर्श
वर्ग

अनुस्वार



पढ़ो और लिखो :-

गंगा बंगाल चंचल पिंजरा ठंडा अंत अंदर अंधकार चंपा
मुंबई खंभा संयुक्त संरक्षण संलग्न संवाद वंश सिंह

अनुनासिक



पढ़ो और लिखो :-

हाँ यहाँ वहाँ कहाँ लड़कियाँ धुआँ रोयाँ नहीं गयीं
किताबें बहनें दोनों परसों कुआँ दायाँ बायाँ



पाठ-उद्‌देश्य :- स्वर, व्यंजन आदि को क्रमबद्ध रूप में देना और कुछ संयुक्ताक्षर, अनुस्वार, अनुनासिक और विशेष अक्षरों को कुछ सरल शब्दों के द्‌वारा सिखाना।



शिक्षक-संकेत :- दिए गए स्वर, व्यंजन और अन्य अक्षरों को क्रमबद्ध रूप में सिखाएँगे, अक्षर और शब्दों को पहले पढ़ने और उसके बाद लिखने का अभ्यास कराएँगे।

(1) उचित ँ या ं चिन्ह लगाकर शब्द लिखिए।

पाठ—10

देखो और बताओ



माँ – राधा! देखो, वहाँ क्या है?

राधा – माँ, वहाँ कौआ है।

माँ – बताओ, कौआ कैसा है?

राधा – कौआ काला है।

माँ – अच्छा। यह तोता कैसा है?



राधा – यह तो हरा है।

माँ – उसकी चोंच?

राधा – उसकी चोंच लाल है।

माँ – तुमको कौआ पसंद है या तोता?

राधा – मुझे तोता ही पसंद है।

माँ – क्यों?



राधा – क्योंकि वह सुंदर है।

माँ – तोता कहाँ उड़ता है?

राधा – वह आसमान में उड़ता है। आसमान नीला है।

माँ – देखो, उधर पानी में क्या है?

राधा – पानी में बगुला है। वह सफ़ेद है।



माँ – देखो, यहाँ क्या-क्या हैं?

राधा – यहाँ केला, आम, सेब और अनार हैं।
केला और आम पीले हैं। सेब और अनार लाल हैं।

माँ – क्या तुम इनको चाहती हो ?

राधा – हाँ, ज़रूर।

माँ – क्यों ?

राधा – क्योंकि फल खाना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। इनका स्वाद भी अच्छा है।

माँ – अच्छा, तुम ठीक कहती हो।



शब्दार्थ :-

कौआ	– காகம், crow		सफ़ेद	– வெள்ளை,	white
काला	– கருப்பு, black		केला	– வாழைப்பழம்,	banana
तोता	– கிளி, parrot		आम	– மாம்பழம்,	mango
हरा	– பச்சை, green		सेब	– ஆப்பிள்,	apple
चोंच	– அலகு, beak		अनार	– மாதுளை,	pomegranate
पसंद	– பிடித்தமான, likable		पीला	– மஞ்சள்,	yellow
क्योंकि	– ஏனென்றால், because		लाल	– சிவப்பு,	red
सुंदर	– அழகான, beautiful		स्वास्थ्य	– உடல்நலம்,	health
आसमान	– வானம், sky		स्वाद	– சுவை,	taste
नीला	– நீலம், blue		ठीक	– சரியாக,	correct
बगुला	– கொக்கு, heron				



पाठ-उद्‌देश्य :- कुछ रंग, पक्षी और फलों के नाम बातचीत के द्वारा सिखाना।



शिक्षक-संकेत :- रंग दिखाकर उनका नाम पूछेंगे। कुछ पक्षी और फलों के नाम भी पूछेंगे। दो-दो छात्रों के बीच बातचीत का आयोजन कर उन्हें प्रोत्साहित करेंगे।



अभ्यास





लिखो :-

वहाँ	....	क्योंकि	....	खाना	....
कौआ	....	सुंदर	....	स्वास्थ्य	....
काला	....	आसमान	....	स्वाद	....
अच्छा	....	नीला	....	अच्छा	....
तोता	....	केला	....	ठीक	....
कैसा	....	आम	....	सेब	....
चोंच	....	अनार	....	पसंद	....
लाल	....				



खाली जगह भरो :-

1. कौआ .... है।
2. .... हरा है।
3. मुझे तोता ही .... है।
4. आसमान .... है।
5. फल खाना स्वास्थ्य के लिए .... है।



बताओ और लिखो :-

1. कौआ कैसा है? ....
2. तोता कैसा है? ....
3. क्या तोता काला है? ....
4. राधा को कौआ पसंद है या तोता? ....
5. राधा क्यों फल खाना चाहती है? ....
6. 5 रंगों के नाम लिखिए। ....
7. 5 फलों के नाम लिखिए। ....



पाठ–11

बगीचा



यह बगीचा है। यह बगीचा बहुत सुंदर है। इसमें कई प्रकार के पौधे हैं। पौधों में कई रंगों के फूल हैं। कुछ फूल पीले हैं, कुछ नीले हैं, कुछ लाल हैं, कुछ सफ़ेद भी हैं। कुछ फूल सबेरे खिलते हैं और कुछ शाम को खिलते हैं। छोटे-बड़े सभी फूल बहुत सुंदर हैं। इनमें कुछ फूल महकते हैं, कुछ फूल सिर्फ़ शोभा देते हैं, नहीं महकते।

यहाँ कई पेड़ भी हैं। पेड़ छायादार हैं, इसलिए यह बगीचा हवादार भी है। यहाँ सबेरे और शाम को बहुत-से लोग आते हैं। कुछ लोग हवा खाने आते हैं। कुछ लोग सैर करने आते हैं। कुछ लोग कसरत करने आते हैं। यहाँ स्त्री, पुरुष, बच्चे - सभी आते हैं।

बच्चे यहाँ खेलने आते हैं। खेल का मैदान अलग है। वहाँ कई खेल के साधन हैं। खिलौने भी हैं। यहाँ खेलने से बच्चे खुश और तंदुरुस्त होते हैं।

बगीचे में हरी-हरी घासें भी हैं। ये मुलायम हैं। इन पर पैर रखना मना है। यहाँ बीच में एक सुंदर फव्वारा भी है।



शब्दार्थ :-

बगीचा	—	பூங்கா, garden	सैर करना	—	உலவுதல், to take a walk
प्रकार	—	விதம், variety	कसरत	—	உடற்பயிற்சி, physical exercise
पौधा	—	செடி, plant	अलग	—	தனியாக, separate
रंग	—	நிறம், colour	साधन	—	கருவி, equipment
खिलना	—	மலர்தல், to bloom	खुश	—	மகிழ்ச்சியாக, happy
महकना	—	மணம் வீசுதல், to emit fragrance	तंदुरुस्त	—	ஆரோக்கியமாக, healthy
पेड़	—	மரம், tree	घास	—	புல், grass
छायादार	—	நிழல் நிறைந்த, shady	मुलायम	—	மென்மையான, soft
हवादार	—	காற்றோட்டமான, ventilated	मना	—	தடுக்கப்பட்ட, prohibited
हवा खाना	—	காற்று வாங்குதல், to enjoy fresh air	फव्वारा	—	நீரூற்று, fountain



पाठ-उद्देश्य :- छोटे-छोटे सरल शब्द एवं वाक्यों को सिखाना।



शिक्षक-संकेत :- पूरा पाठ पढ़कर सुनाएँगे और सस्वर वाचन कराएँगे। एक-एक वाक्य का वाचन भी कराएँगे। अर्थ समझाने के बाद छोटे-छोटे बोध-प्रश्नों द्वारा बोलने की शक्ति और ज्ञान बढ़ाएँगे।



अभ्यास





लिखो :-

बगीचा	....	इधर	....	पौधा	....
साधन	....	पेड़	....	खुश	....
छायादार	....	तंदुरुस्त	....	हवादार	....
मुलायम	....	कसरत	....	फव्वारा	....



खाली जगह भरो :-

1. इसमें कई प्रकार के .... हैं।
2. यह बगीचा .... भी है।
3. खेल का मैदान .... है।
4. घासें .... हैं।
5. यहाँ बीच में एक सुंदर .... भी है।



बताओ और लिखो :-

1. बगीचे के फूल कैसे हैं? ....
2. बगीचे में कौन-कौन आते हैं? ....
3. बगीचे में बच्चे क्यों आते हैं? ....
4. बगीचे के बीच में क्या है? ....





पाठ—12

शरीर के अंग


आँख


कान


नाक


मुँह


दाँत


होंठ


हाथ


पैर


उँगली


बाल

आँख, कान, नाक, मुँह, हाथ, पैर, उँगली आदि शरीर के अंग हैं। सिर शरीर का ऊपरी भाग है। सिर पर बाल होते हैं। ये काले या सफ़ेद होते हैं। चेहरे में दो आँखें पास-पास हैं। आँखों के नीचे बीच में एक नाक और नाक के नीचे मुँह है। मुँह के अंदर जीभ और दाँत हैं। आँखों के ऊपर माथा है। नाक के दोनों ओर गाल हैं। गालों के पास दो कान हैं।

हम आँखों से देखते हैं। कानों से सुनते हैं। नाक से साँस लेते हैं। मुँह से खाते-पीते और बोलते हैं। खाने-पीने में जीभ और दाँत काम आते हैं। बोलने में जीभ और होंठ काम आते हैं।

हमारे दो हाथ हैं। हम हाथों से सभी प्रकार के काम करते हैं। हर हाथ में पाँच-पाँच उँगलियाँ हैं। हम अपने दो पैरों से चलते और दौड़ते हैं।

भोजन से सभी अंगों को शक्ति मिलती है। यह शक्ति खून के रूप में होती है। दिमाग सभी अंगों को काम करने का आदेश देता है।

शरीर के हर अंग की रक्षा ज़रूरी है।



शब्दार्थ :-

आँख	—	கண், eye	जीभ	—	நாக்கு, tounge
कान	—	காது, ear	दाँत	—	பல், tooth
नाक	—	மூக்கு, nose	माथा	—	நெற்றி, fore head
मुँह	—	வாய், mouth	गाल	—	கன்னம், cheek
हाथ	—	கை, hand	साँस	—	மூச்சு, breath
पैर	—	கால், foot	भोजन	—	உணவு, food
उँगली	—	விரல், finger	शक्ति	—	சக்தி, power
शरीर	—	உடல், body	खून	—	இரத்தம், blood
अंग	—	உறுப்பு, organ of the body	दिमाग	—	மூளை, brain
भाग	—	பகுதி, Part	आदेश	—	கட்டளை, command
सिर	—	தலை, head	रक्षा	—	பாதுகாப்பு, safety
बाल	—	முடி, hair	ज़रूरी	—	அவசியமான, necessary
चेहरा	—	முகம், face			



पाठ-उद्देश्य :- शरीर के कुछ अंगों के नाम और काम सिखाना।



शिक्षक-संकेत :- चित्र में हर अंग दिखाकर उसका नाम पूछेंगे। यह भी पूछेंगे कि हम उस अंग से क्या करते हैं। निम्नांकित अभ्यास भी कराएँगे।



अभ्यास





लिखो :-

आँख	....	भाग	....	पाँच	....
कान	....	बाल	....	भोजन	....
नाक	....	सफ़ेद	....	शक्ति	....

मुँह	....	अंदर	....	खून	....
हाथ	....	जीभ	....	रूप	....
पैर	....	दाँत	....	दिमाग	....
उँगली	....	साँस	....	आदेश	....
शरीर	....	प्रकार	....	रक्षा	....



खाली जगह भरो :-


1. सिर शरीर का ऊपरी .... है।
2. नाक के .... मुँह है।
3. हर हाथ में पाँच-पाँच .... हैं।
4. भोजन से सभी अंगों को .... मिलती है।
5. शरीर के हर अंग की रक्षा .... है।



बताओ और लिखो:-


1. मुँह के अंदर क्या-क्या हैं? ....
2. हमारे कितने कान हैं? ....
3. हम आँखों से क्या करते हैं? ....
4. हाथ में कितनी उँगलियाँ हैं? ....
5. सभी अंगों को कहाँ से शक्ति मिलती है? ....





पाठ–13

हमारा देश



यह हमारा देश है। इसका नाम भारत है। लोग इसे 'इंडिया' भी कहते हैं। भारत की संस्कृति सबसे पुरानी और महान है। यहाँ हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन आदि सभी धर्मों के लोग रहते हैं। वे हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड, बंगाली, पंजाबी, गुजराती आदि भाषाएँ बोलते हैं।

भारत में हम सब तरह के मौसम देख सकते हैं। यहाँ सब तरह के अनाज पैदा होते हैं। सब तरह के फल पैदा होते हैं। गंगा, यमुना, नर्मदा, कृष्णा, कावेरी आदि नदियों के पानी से यहाँ की भूमि उपजाऊ है।

नई दिल्ली भारत की राजधानी है। दिल्ली, मुंबई, कोलकत्ता, चेन्नई आदि भारत के सबसे बड़े शहर हैं। विज्ञान में हमारा देश सबसे आगे है। भारत एक गणतंत्र देश है। राष्ट्रपति इसका प्रधान होता है। मंत्री-मंडल शासन में राष्ट्रपति की मदद करता है। प्रधानमंत्री इसका प्रधान होता है। लोक-सभा के लिए पाँच साल में एक बार चुनाव होता है।



शब्दार्थ :-

संस्कृति — பண்பாடு, culture
महान — மிக உயர்ந்த, great
धर्म — மதம், religion
आदि — முதலிய, etcetera
तरह — விதம், kind
मौसम — பருவநிலை, weather
अनाज — தானியம், grain
पैदा होना — விளைதல், to be produced
फल — பழம், fruit
उपजाऊ — வளமான, productive

राजधानी — தலைநகரம், capital
आगे — முன்னால், forward
गणतंत्र — குடியரசு, republic
प्रधान — தலைவர், head
शासन — ஆட்சி, rule
मदद — உதவி, help
लोक-सभा — நாடாளுமன்றம், Parliament
साल — ஆண்டு, year
चुनाव — தேர்தல், election



पाठ-उद्देश्य :- सरल शब्दों का उपयोग करके वर्तमान काल के छोटे-छोटे वाक्यों में भारत संबंधी सामान्य ज्ञान प्रदान कराना।



शिक्षक-संकेत :- पूरा पाठ पढ़कर सुनाएँगे और बाद में सस्वर वाचन और व्यक्ति वाचन कराएँगे। नए शब्दों का अर्थ समझाएँगे और लिखने का निर्देश देंगे। बीच-बीच में छोटे-छोटे सरल प्रश्न पूछकर मौखिक उत्तर प्राप्त करेंगे।

अभ्यास



लिखो :-

हमारा	....	भारत	....	महान	....
आदि	....	तरह	....	मौसम	....
अनाज	....	फल	....	भूमि	....
उपजाऊ	....	शहर	....	शासन	....
मदद	....	प्रधान	....	चुनाव	....



खाली जगह भरो :-


1. हमारे देश का नाम .... है।
2. यहाँ सब तरह के .... पैदा होते हैं।
3. विज्ञान में हमारा देश सबसे .... है।
4. राष्ट्रपति इसका .... होता है।
5. पाँच साल में एक बार .... होता है।



बताओ और लिखो :-

1. हमारे देश का नाम क्या है? ....
2. भारत की संस्कृति कैसी है? ....
3. भारत की राजधानी क्या है? ....
4. भारत के सबसे बड़े शहर क्या-क्या हैं? ....
5. कौन मंत्री-मंडल का प्रधान होता है? ....
6. पाँच नदियों का नाम लिखिए। ....
7. भाषाओं के नाम लिखिए। ....





पाठ–14

मैं कल जाऊँगा


शेर


बाघ


चीता


भालू


हाथी


ऊँट


सियार


गैंडा


कंगारू


हिरन


खरगोश


बंदर


मोर


तोता

पिताजी – शेखर, तुम कल मेरे साथ चलोगे?

शेखर – पिताजी, कल आप कहाँ जाएँगे?

पिताजी – मैं चिड़िया-घर जाऊँगा।

शेखर – तब मैं आपके साथ ज़रूर चलूँगा। क्या हम माताजी और बहन चित्रा को भी ले चलेंगे?

पिताजी – नहीं, वे दोनों नानी के घर जाएँगी।

शेखर – अच्छा! हम वहाँ कैसे जाएँगे?

पिताजी – हम दो ही लोग हैं न! इसलिए मोटर-साइकिल से जाएँगे।

शेखर – तब तो बड़ी खुशी होगी! पिताजी, हम वहाँ क्या-क्या देखेंगे?

पिताजी – वहाँ कई जानवर और पक्षी हैं। तुम शेर, बाघ आदि खूँखार जानवर भी देखोगे।

शेखर — पिताजी, मुझे बड़ा डर लगेगा। मैं क्या करूँ?

पिताजी — डरना मत। वे सब दूर पिंजरे में होंगे। वहाँ चीता, भालू, सियार, लोमड़ी, भेड़िया, गैंडा, ऊँट, हाथी, हिरन, खरगोश, बंदर, कंगारू आदि जानवर भी होंगे।

शेखर — तब तो ठीक है। पिंजरे में होंगे तो मैं नहीं डरूँगा।

पिताजी — वहाँ तुम कई किस्मों के मोर, रंग-बिरंगे तोते और कई विदेशी पक्षी भी देख सकोगे।

